# खास-खबरें

## राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस पर निकली साइकिल रैली



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस के उपलक्ष्य में जिला खेल परिसर स्टेडियम से उदयगिरी तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य युवाओं में फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण तथा साहसिक खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। साइकिल रैली में खिलाड़ियों, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों, समाजसेवियों, शिक्षा विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा नियमित व्यायाम का संदेश देते हुए निर्धारित मार्ग पर साइकिल यात्रा पूरी की।

## दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, बच्चों को दिए उपहार



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल एवं भारतीय जैन मिलन शाखा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को निशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मॉडर्न डेंटल क्लीनिक की दंत विशेषज्ञ डॉ. अंजली वर्मा ने करीब 200 विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन शाखा के क्षेत्रीय कार्याध्यक्ष सतीश जैन मंत्री ने दंत स्वास्थ्य जागरूकता जैसे आयोजनों की सराहना करते हुए बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनीता जैन ने किया। शिविर में जैन मिलन परिवार के सदस्य, आचार्य विद्या वैली स्कूल के डायरेक्टर प्रणय जैन, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना, विद्यालय का स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय शालेय टेबल टेनिस वेड मिंटन शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार वार्षिक खेल केलेण्डर के पालन में आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर में जिला स्तरीय शालेय टेबल टेनिस वेड मिंटन शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 30 एवं 31 जुलाई 2026 को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय कन्या महाविद्यालय के खेल अधिकारी रवि विरहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा के निर्देशन एवं प्राचार्य आलोक शर्मा के मार्ग दर्शन में आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान द्वारा संचालित किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से दलों का चयन किया गया। चयनित दल संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सहभागिता करेगें। प्रतियोगिता के आयोजन में माधव यादव, शैलेन्द्र चन्देल, महेन्द्र बाथम, शैलेन्द्र चौहान, जिला योग प्रभारी मनोज व्यास, हिमांशु मुकाती, मनमोहन सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रेमचंद जयंती मनाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रेमचंद जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रेमचंद के जीवन और साहित्य का स्मरण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ?. बी.डी. अहिरवार ने प्रेमचंद को एक प्रगतिशील साहित्यकार बताते हुए कहा कि हमें उनके विचारों को जानना-समझना चाहिए। इस अवसर मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज की सहायक प्राध्यापक कु. पूजा शर्मा ने प्रेमचंद की जीवन और साहित्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रेमचंद की प्रासंगिकता को वर्तमान समय में स्थापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय छात्रा सलोनी राजपूत, कुमकुम मेहतो, सुनेहा प्रजापति और मोनिका शर्मा के साथ पूर्व छात्रा पूजा शर्मा ने प्रेमचंद की विभिन्न कहानियों के माध्यम से उन्हें याद किया। इस अवसर पर कु. पूजा शर्मा ने महाविद्यालय के हिंदी विभाग को लगभग दस हज़ार रु. के मूल्य की किताबें भी भेंट कीं।

## विश्व स्तनपान सप्ताह में व्यापक गतिविधियां होंगी आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला, बाल विकास विभाग श्रीमती विनीता लोढ़ा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रामहित कुमार के मार्गदर्शन में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य संस्थानों तथा ग्राम एवं शहरी क्षेत्रों में स्तनपान के महत्व के संबंध में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जिसका मुख्य उद्देश्य नवजात मृत्यु दर , शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि मां का दूध शिशु के लिए संपूर्ण एवं सर्वोत्तम आहार है।

# मंदसौर में एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पर पुलिस की दबिश, 300 किलो केमिकल जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** सीतामऊ थाना पुलिस ने ग्राम मानपुरा में एक अवैध एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। शुक्रवार- शनिवार की रात खेत के बीच बने टीनशेड पर दबिश के दौरान पुलिस और तस्करों के बीच 8 से 10 राउंड फायरिंग भी हुई। इस कार्रवाई में 300 किलो से अधिक केमिकल, 110 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स, हाईटेक उपकरण और एक चोरी की स्कॉर्पियो-एन कार जब्त की गई।

पुलिस ने शनिवार दोपहर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दबिश के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने मौके से 300 किलो से अधिक केमिकल, 110 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स और इसके निर्माण में इस्तेमाल होने वाले हाईटेक उपकरण जब्त किए। एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो-एन कार भी बरामद की गई, जो चोरी की बताई जा रही है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मानपुरा-बड़ावदी रोड पर पानी की टंकी के पास स्थित एक खेत में बड़े पैमाने पर एमडी ड्रग्स बनाने की तैयारी चल रही है। इस सूचना के आधार पर एक विशेष टीम ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर देर रात फैक्ट्री पर दबिश दी।पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपी स्कॉर्पियो-एन से भागने लगे, लेकिन वाहन खेत में फंस गया। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा और आरोपियों को पकड़ने के उद्देश्य से जवाबी फायरिंग की। दोनों ओर से हुई फायरिंग के बीच तीनों आरोपी खेतों के रास्ते फरार होने में सफल रहे।

**325 किलो से अधिक केमिकल जब्तः** कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 325 किलो से अधिक केमिकल जब्त किया है, जिसमें एमडीसी, एचसीएल और ब्रोमो जैसे रसायन शामिल हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इन रसायनों से 100 से 150 किलो एमडी ड्रग्स तैयार की जा सकती थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 100 से 150 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने फैक्ट्री से एमडी निर्माण में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक तराजू, गैस भट्टी, इलेक्ट्रिक ड्रायर (हीटगन), मोटर लगे ड्रम, प्लास्टिक के कंटेनर, स्टील के बर्तन, टिश्यू रोल और टेप सहित बड़ी मात्रा में अन्य उपकरण भी जब्त किए हैं। मौके से बरामद बिना नंबर की महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन चोरी की बताई जा रही है।

**तीन आरोपी फरार, राजस्थान कनेक्शन की जांचः** मामले में दिलीप गायरी, गोविंद गायरी निवासी मानपुरा थाना सीतामऊ और पिंटू सिंह सिसौदिया निवासी बजरंगगढ़ (राजस्थान) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, बीएनएस और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में राजस्थान कनेक्शन भी सामने आया है।

मंदसौर एसपी विनोद कुमार मीना ने बताया कि जिले में पकड़ी गई चौथी एमडी ड्रग्स फैक्ट्री है। मौके से 110 ग्राम एमडी, 300 किलो से अधिक केमिकल और एमडी निर्माण में इस्तेमाल होने वाले हाई लेवल उपकरण बरामद किए गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। मौके से 110 ग्राम एमडी ड्रग्स, बिना नंबर की महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन, 208 किलोग्राम एमडीसी केमिकल, 117.800 किलोग्राम अन्य केमिकल, 1.800 किलोग्राम क्रिस्टलनुमा पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा, गैस भट्टी, इलेक्ट्रिक हीटगन (ड्रायर), मोटर लगे दो ड्रम, लास्टिक की बाल्टियां, जग, स्टील के बर्तन सहित कई अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं।

## कलेक्टर एसपी ने बैठक लेकर कांवड़ यात्रा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के दिए निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** सीहोर के सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक आयोजित होने वाली आगामी कांवड़ यात्रा के सुचारु संचालन को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करें। उन्होंने नगर पालिका को यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने एवं कचरा के निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति डीजे लाया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सीवन नदी घाट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी श्रद्धालु को नदी में उतरने की अनुमति न दी जाए। घाट पर सुरक्षा दल एवं बोट की तैनाती के साथ सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस के जवानों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाई जाए।

कुबेरेश्वर धाम में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न हो। पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन किया जाए, अलग-अलग पार्किंग जोन बनाए जाएं तथा वाहनों की सुव्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर डायवर्जन प्लान लागू करने, पर्याप्त संकेतक एवं सूचना बोर्ड लगाने तथा अनाउंसमेंट सिस्टम लगातार संचालित रखने के निर्देश भी दिए गए।

## बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से रविदास के समरसता का दिया संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, नागदाः** उज्जैन जिले मे संत रविदास जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरछा में शनिवार कोआयोजित सामाजिक समरसता पखवाड़े में विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से समानता, मानवता और समरसता का संदेश दिया। उत्कृष्ट चित्र बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोवर्धनलाल परिहार मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता सुबोध स्वामी, आर.सी. विश्वकर्मा, अमरसिंह राठौड़, मुकेश जैन तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भरत नांदेड़ उपस्थित थे।


विद्यार्थियों ने संत रविदास जी के जीवन, सामाजिक समरसता, समानता, भक्ति और मानवता के संदेश पर आधारित चित्र प्रस्तुत किए। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया।

विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र सिंह राणावत ने अध्यक्षीय उद्बोधन में संत रविदास जी के जीवन, विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। भाजपा वरिष्ठ नेता सुबोध स्वामी तथा शिक्षक गोपाल जोशी ने संत रविदास जी के कर्मप्रधान जीवन और मानव समानता के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने 372 लीटर देशी घी किया जब्त

**उज्जैन।** जिले के बड़नगर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को औचक निरीक्षण के दौरान मिलावट की आशंका में कुल 372 लीटर देशी घी जब्त किया। विभाग ने दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए घी के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार नयापुरा स्थित जय भारत एजेंसी के निरीक्षण के दौरान 'श्री कृष्णा देसी घी' विभिन्न पैकिंग में संग्रहित मिला। दस्तावेजों के अनुसार यह घी इंदौर स्थित वरुण मार्केटिंग से 360 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदा गया था। कम कीमत पर विक्रय किए जाने के कारण गुणवत्ता को लेकर संदेह होने पर करीब 337 लीटर घी, जिसकी अनुमानित कीमत 1.21 लाख रुपये से अधिक है, जब्त कर लिया गया। इसके नमूने परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में महात्मा गांधी मार्ग स्थित एक अन्य प्रतिष्ठान पर निरीक्षण के दौरान 'डेयरी मिल्क एगमार्क देसी घी' का 35 लीटर स्टॉक मिला।

# कुपोषण, आयुष्मान और स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आयुष्मान कार्ड, कायाकल्प अभियान, संजीवनी क्लीनिक, सीडीआर एमडीआर रिव्यू और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि जिले में कोई भी बच्चा कुपोषित ना रहे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की आंगनबाड़ियों में यदि कुपोषित बच्चे चिन्हित हैं, तो उन्हें एनआरसी वार्ड में भर्ती कराकर शासन की योजनाओं व सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए ताकि वे कुपोषण की श्रेणी से बाहर आकर पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकें। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कोई भी सीडीपीओ लापरवाही बरतते हैं तो उनका वेतन काटने की कार्यवाही करें। उन्होंने एनआरसी वार्ड में तैयार होने वाले भोजन पूर्ण गुणवत्ता का होना चाहिए।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विदिशा जिले के विदिशा, बासौदा और सिरोंज नगरीय क्षेत्र में संचालित कुल 9 संजीवनी क्लिनिक में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में संचालित सभी संजीवनी क्लिनिक नियमानुसार समय पर खुलें। उन्होंने कहा कि संजीवनी क्लीनिक में भी आम नागरिकों की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

उन्होंने 70 प्लस वरिष्ठ नागरिकों के भी शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने रक्तदान शिविरों का आयोजन करने के भी निर्देश दिए हैं।

## चंपत राय की ईमानदारी पर संदेह नहीं, लेकिन व्यवस्था में चूक की निष्पक्ष जांच होः वेदांती

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र से जुड़े दान में कथित अनियमितता के मामले पर काशी पीठाधीश्वर एवं रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगद्गुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती ने कहा कि चंपत राय के सार्वजनिक जीवन में उन्होंने कभी बेईमानी नहीं देखी। उनकी ईमानदारी पर उन्हें संदेह नहीं है, लेकिन जिम्मेदार पद पर रहते हुए किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करना भी एक चूक हो सकती है। यदि व्यवस्था में किसी ने उस विश्वास का गलत लाभ उठाया है तो दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।



नगर के वेदांत आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि मामला केवल धन का नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का है। मंदिर में दिया गया दान केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि भक्तों के विश्वास का प्रतीक होता है। इसलिए धार्मिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि दान की सुरक्षा और पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित करें। जगद्गुरु ने कहा कि जिम्मेदारी के पद पर बैठे व्यक्ति के लिए स्वयं ईमानदार होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरी व्यवस्था को भी ईमानदार बनाए रखना आवश्यक है। यदि कहीं अनियमितता हुई है तो यह भी देखा जाना चाहिए कि व्यवस्था में ऐसी स्थिति बनने की गुंजाइश कैसे बनी। उन्होंने देश के अन्य बड़े मंदिरों में भी दान व्यवस्था की पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि दान के संग्रह, भंडारण, लेखा-जोखा और ऑडिट की मजबूत संस्थागत व्यवस्था होनी चाहिए। इससे श्रद्धालुओं का विश्वास और मजबूत होगा। विदेशों में राम मंदिर की प्रतिष्ठा पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा किसी व्यक्ति विशेष पर निर्भर नहीं है। यदि व्यवस्था में कोई कमी है तो उसे सुधारा जा सकता है, लेकिन इससे रामभक्तों की आस्था कम नहीं होगी।

## मीडिया कर्मियों के लिए आज निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**गंजबासौदा।** क्षेत्र के मीडिया कर्मियों के लिए रविवार, 2 अगस्त को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10:30 बजे से मील रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर में आयोजित होगा।

प्रेस क्लब अध्यक्ष नितेश नायक ने सभी पत्रकार साथियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शिविर में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा आंखों की जांच की जाएगी और आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा।

यह शिविर सामाजिक कार्यकर्ता सुनील पिंगले के सौजन्य से विशेष रूप से पत्रकारों के लिए आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी मीडिया कर्मियों से समय पर पहुंचकर निशुल्क नेत्र परीक्षण कराने का आग्रह किया है।

## श्रावण मास में शुरू हुआ श्रीराम नाम लेखन महाअभियान, वितरित हो रही पुस्तिकाएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** पावन श्रावण मास के अवसर पर नगर में श्रीराम नाम लेखन महाअभियान का शुभारंभ किया गया है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी पूरे श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं को राम नाम लेखन पुस्तिकाएं निःशुल्क वितरित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य घर-घर तक प्रभु श्रीराम के नाम का संदेश पहुंचाना तथा समाज में भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है।

आयोजकों ने बताया कि राम नाम लेखन केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को शांति प्रदान करने वाली साधना है। उनका कहना है कि आज की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में यदि प्रतिदिन कुछ समय श्रीराम के पावन नाम के लेखन में लगाया जाए तो जीवन में सकारात्मकता, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।

**स्पेशल खबर** कटर घाट से तीन पनडुब्बी मशीनें, बड़गांव से तीन ट्रैक्टर-लोडर जब्त; अभियान से रेत माफियाओं में हड़कंप

# नर्मदा में अवैध रेत खननः दो दिन में छह मशीनें-वाहन जब्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन के खिलाफ सीहोर जिले का खनिज विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। दो दिनों में की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई के दौरान विभाग ने पहले सीलकंठ के कटर घाट से अवैध उत्खनन में उपयोग की जा रही तीन पनडुब्बी मशीनें और अगले दिन बड़गांव क्षेत्र से अवैध रेत परिवहन में लगे तीन ट्रैक्टर-लोडर जब्त किए। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति है।

हाल ही में सीहोर जिले में पदभार संभालने वाले खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे के नेतृत्व में विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। विभाग की टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर औचक कार्रवाई कर रही है, जिससे अवैध खनन में लगे लोगों को बच निकलने का मौका नहीं मिल पा रहा। शुक्रवार को खनिज विभाग को सूचना मिली कि ग्राम सीलकंठ स्थित नर्मदा नदी के कटर घाट पर पनडुब्बी मशीनों के माध्यम से नदी की गहराई से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। सूचना मिलते ही खनिज अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए तीन पनडुब्बी मशीनें जब्त कर लीं। जब्त मशीनों को थाना भैरूंदा परिसर में सुरक्षित रखा गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन मशीनों के माध्यम से नदी की तलहटी से रेत निकालकर अवैध परिवहन किया जा रहा था।



पहले दिन की कार्रवाई के बाद शनिवार को भी अभियान जारी रहा। विभाग ने बड़गांव क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रेत परिवहन में लगे तीन ट्रैक्टर-लोडर जब्त किए। लगातार दूसरे दिन हुई कार्रवाई से स्पष्ट संकेत मिला है कि खनिज विभाग अब अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखते हुए नियमित कार्रवाई की रणनीति पर काम कर रहा है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशानुसार 26 जून से 1 अक्टूबर तक वर्षा ऋतु में रेत खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। इस संबंध में कलेक्टर सीहोर द्वारा भी आदेश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर अवैध उत्खनन और परिवहन जारी था, जिस पर विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। खनिज विभाग के अनुसार जुलाई माह में अब तक अवैध खनन के खिलाफ अभियान के दौरान पांच जेसीबी मशीनें, एक पोकलेन मशीन, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली, तीन पनडुब्बी मशीनें और तीन ट्रैक्टर-लोडर जब्त किए जा चुके हैं। संबंधित मामलों में लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। रेहटी, बुधनी और भैरूंदा क्षेत्र में लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध खनन के नेटवर्क पर दबाव बढ़ा है। खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे हैं। कई बार रात्रि में भी औचक निरीक्षण और दबिश देकर अवैध खनन में प्रयुक्त वाहनों और मशीनों को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि एनजीटी के निर्देशों और कलेक्टर के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा तथा वर्षाकाल में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अवैध खनन की सूचना प्रशासन को देने की अपील की। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद अवैध रेत खनन के खिलाफ लगातार और प्रभावी कार्रवाई देखने को मिल रही है। उनका मानना है कि यदि इसी तरह अभियान जारी रहा तो नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।